# GEOGRAPHY

## Paper I : Physical Geography

**M.M. : 75**

**नोट—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का अंक समान है।**

**1.** कार्बोनीफेरस काल किस कल्प का भाग है?

(अ) प्री-कैम्ब्रियन कल्प (ब) मेसोजोइक कल्प

(स) पेल्योजोइक कल्प (द) केनोजोइक कल्प।

**2.** पृथ्वी की आन्तरिक संरचना के विषय में जानकारी प्राप्त करने का सबसे अच्छा साधन क्या है?

(अ) ज्वालामुखी क्रिया (ब) ज्वार-भाटा के समय पृथ्वी का व्यवहार

(स) भूकम्पीय लहरें (द) X-रे एवं इन्फ्रारेड किरणें।

**3.** पृथ्वी पर रात और दिन होने का प्रमुख कारण है—

(अ) पृथ्वी की वार्षिक गति (ब) पृथ्वी की दैनिक गति

(स) पृथ्वी का अपने अक्ष पर झुकाव और घूर्णन

(द) पृथ्वी का अपने अक्ष पर झुकाव और परिक्रमण।

**4.** दिये गये ग्रहों का सूर्य से उनकी दूरी के अनुसार बढ़ते हुए सही क्रम है—

(अ) बुध, शुक्र, मंगल, शनि, बृहस्पति (ब) शुक्र, बुध, मंगल, शनि, बृहस्पति

(स) बुध, शुक्र, मंगल, बृहस्पति, शनि (द) शुक्र, बुध, बृहस्पति, मंगल, शनि।

**5.** निम्नांकित में से कौन आग्नेय चट्टान है?

(अ) चीका (ब) चूना पत्थर (स) बेसाल्ट (द) डोलोमाइट।

**6.** "धरातल संरचना प्रक्रिया एवं समय की क्रिया है।" यह कथन किसका है?

(अ) जी.के. गिलबर्ट (ब) डेविस

(स) अरस्तू (द) सी.डी. डटन।

**7.** ऐसा कौन-सा महाद्वीप है जिससे होकर विषुवत वृत्त, कर्क वृत्त एवं मकर वृत्त गुजरते हैं?

(अ) एशिया (ब) यूरोप (स) अफ्रीका (द) ऑस्ट्रेलिया।

**8.** निम्नलिखित चट्टानों में से कौन-सी चट्टान उद्‌भव के आधार पर अन्य तीन से भिन्न है?

(अ) चूना पत्थर (ब) बलुआ पत्थर (स) शैल (द) संगमरमर।

**9.** निम्नांकित परिकल्पनाओं में से कौन जेम्स जीन्स द्वारा प्रस्तुत की गयी है?

(अ) ज्वारीय (ब) नोवा सिद्धान्त

(स) निहारिका (द) ग्रहाणु परिकल्पना।

**10.** 'सागरीय निक्षेपों' का सर्वप्रथम विस्तृत अध्ययन किसने किया?

(अ) डेविस (ब) मरे (स) डार्विन (द) वेगनर।

http://www.dbrauonline.com
http://www.dbrauonline.com

11. चूना पत्थर उदाहरण है—
(अ) अवसादी चट्टानों का
(ब) कायान्तरित चट्टानों का
(स) आग्नेय चट्टानों का
(द) ज्वालामुखी चट्टानों का।
12. 'भू-सन्नति' का किससे घनिष्ठ सम्बन्ध है?
(अ) ज्वालामुखी
(ब) भूकम्प
(स) गुरुत्वाकर्षण
(द) वलित पर्वत श्रेणी।
13. अपरदन क्रिया में विलयन द्वारा पदार्थ का अपनयन कहा जाता है—
(अ) संघर्षण (ब) अद्य:खनन (स) संक्षारण (द) अपघर्षण।
14. सही कथन को चिह्नित कीजिए—
(अ) बेसाल्ट चट्टानों में ग्रेनाइट की अपेक्षा बड़े कण होते हैं
(ब) बेसाल्ट चट्टानों में ग्रेनाइट की अपेक्षा छोटे कण होते या नहीं होते
(स) बेसाल्ट और ग्रेनाइट दोनों में कण नहीं होते हैं
(द) ग्रेनाइट में कण नहीं होते जबकि बेसाल्ट में बड़े कण होते हैं।
15. विश्व के सर्वाधिक ज्वालामुखी किस पेटी में पाये जाते हैं?
(अ) हिन्द महासागरीय पेटी
(ब) मध्य महाद्वीपीय पेटी
(स) अन्ध महासागरीय पेटी
(द) परिप्रशान्त पेटी।
16. पृथ्वी की सतह पर चट्टानों का निर्माण करने वाले 90% से अधिक खनिजों में पाया जाता है—
(अ) सिलिका
(ब) ऑक्साइड
(स) कार्बोनेट
(द) सल्फाइड और सल्फेट।
17. रिफ्ट घाटी किसका परिणाम है?
(अ) वलन (ब) भ्रंशन (स) नापे (द) संवलन।
18. निम्नलिखित में से किस महाद्वीप का विस्तार चारों गोलार्द्धों में है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) उत्तर अमेरिका (स) दक्षिण अमेरिका (द) अफ्रीका।
19. ज्वालामुखी से निर्मित लहरदार आकृति को कहते हैं—
(अ) लोपोलिथ (ब) बैथोलिथ (स) फैकोलिथ (द) लैकोलिथ।
20. 'अन्धी घाटी' की विशेषता होती है—
(अ) इसका निकासी स्थान नहीं होता
(ब) इसका जंगलों ने अधिग्रहण कर लिया होता है
(स) इसकी कोई धारा नहीं होती है
(द) यह केवल सैद्धान्तिक परिकल्पना है।
21. सम्पूर्ण पृथ्वी का घनत्व है—
(अ) 2·7 (ब) 3·5 (स) 5·5 (द) 5·2.
22. लटकती घाटियाँ सम्बन्धित हैं—
(अ) वायु क्रिया (ब) हिमानी की क्रिया (स) लहरों की क्रिया (द) नदी की क्रिया।
23. कार्स्ट स्थलाकृतियाँ बनती हैं—
(अ) तटीय क्षेत्रों में लहरों द्वारा
(ब) अर्द्ध मरुस्थलीय क्षेत्रों में वायु द्वारा
(स) चूने के प्रदेशों में जल के द्वारा
(द) तटीय क्षेत्रों में हिमानी द्वारा।
24. निम्नांकित में से कौन-सी भौम्याकृति हिमनद के कार्यों से सम्बन्धित है?
(अ) लेपीज (ब) एस्कर (स) ऊमिकायें (द) इंस्लबर्ग।
25. अश्व अक्षांश स्थित है—
(अ) 40°-50° उत्तरी एवं दक्षिणी अक्षांशों में
(ब) 25°-30° उत्तरी एवं दक्षिणी अक्षांशों में
(स) 30°-35° उत्तरी एवं दक्षिणी अक्षांशों में
(द) 45°-50° उत्तरी एवं दक्षिणी अक्षांशों में।

http://www.dbrauonline.com
http://www.dbrauonline.com

26. मानसून हवायें हैं—
(अ) लगातार चलने वाली
(ब) लगातार न चलने वाली
(स) मौसमी
(द) इनमें से कोई नहीं।

27. निम्नांकित में से वायुमण्डल की कौन-सी परत रेडियो तरंगों के परावर्तन होने का कारण है?
(अ) क्षोभ मण्डल (ब) समताप मण्डल (स) बहिर्मण्डल (द) आयन मण्डल।

28. पृथ्वी के वातावरण में नाइट्रोजन का प्रतिशत है—
(अ) 98% (ब) 78% (स) 21% (द) 12%.

29. वायुमण्डल में ओजोन परत उत्तरदायी है—
(अ) वर्षा होने के लिए
(ब) प्रदूषण उत्पन्न करने के लिए
(स) पृथ्वी पर जीवन को पराबैंगनी किरणों से बचाने के लिए
(द) वायुमण्डल में ऑक्सीजन उत्पन्न करने के लिए।

30. समताप रेखाओं द्वारा प्रदर्शित होता है—
(अ) किसी क्षेत्र की ऊँचाई
(ब) किसी क्षेत्र की वर्षा
(स) किसी क्षेत्र का तापमान
(द) किसी क्षेत्र में बर्फबारी।

31. कुल सौर ऊर्जा का सर्वाधिक भाग होता है—
(अ) दीर्घ तरंगों का
(ब) लघु तरंगों का
(स) मध्यम तरंगों का
(द) पराबैंगनी तरंगों का।

32. पृथ्वी की सतह से ऊपर की ओर वायुमण्डल की परतों का सही क्रम है—
(अ) क्षोभमण्डल, समताप मण्डल, आयनमण्डल, मध्यमण्डल
(ब) समताप मण्डल, क्षोभमण्डल, आयनमण्डल, मध्यमण्डल
(स) क्षोभमण्डल, समताप मण्डल, मध्यमण्डल, आयनमण्डल
(द) समताप मण्डल, क्षोभमण्डल, मध्यमण्डल, आयनमण्डल।

33. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में शीतकाल में वर्षा तथा ग्रीष्मकाल शुष्क रहता है?
(अ) विषुवत रेखीय
(ब) टुण्ड्रा
(स) मानसूनी
(द) भूमध्यसागर।

34. निम्नांकित में से कौन ठण्डी हवा है?
(अ) चिनूक (ब) बोरा (स) फॉहन (द) सिरोको।

35. डोलड्रम पेटी कहाँ स्थित है?
(अ) भूमध्य रेखा के पास
(ब) ध्रुवों के पास
(स) कर्क रेखा के पास
(द) मकर रेखा के पास।

36. नेफोमीटर से किसका मापन किया जाता है?
(अ) वर्षा की मात्रा
(ब) बादलों की दिशा एवं गति
(स) सागरीय लवणता की मात्रा
(द) उपर्युक्त सभी।

37. मौसम के तत्वों का स्थल रूपों पर प्रभाव का अध्ययन किसके अन्तर्गत करते हैं?
(अ) अपरदन (ब) आकारमिति (स) अपक्षय (द) अनाच्छादन।

38. वायुमण्डल के निम्नलिखित मण्डलों में से किसमें ओजोन गैस पाई जाती है?
(अ) क्षोभमण्डल (ब) समतापमण्डल (स) आयन मण्डल (द) बहिर्मण्डल।

39. वायुमण्डल में ऊँचाई पर जाने पर वायु होगी—
(अ) विरल (ब) सघन (स) गर्म (द) दृश्यमान।

40. मार्च 21 और सितम्बर 23 को उच्चतम सूर्यातप प्राप्त होता है—
(अ) कर्क रेखा पर
(ब) भूमध्य रेखा पर
(स) मकर रेखा पर
(द) उपर्युक्त सभी।

http://www.dbrauonline.com
http://www.dbrauonline.com

41. अपरदित स्थलस्वरूपों के निर्माण में किस प्रकार की शक्तियाँ उत्तरदायी हैं?
(अ) अन्तर्जात बल
(ब) बाह्यजात बल
(स) विवर्तिनिकी बल
(द) ज्वालामुखीय बल।
42. विली-विली किस प्रकार के तूफान हैं?
(अ) शीतोष्ण कटिबन्धीय
(ब) सम-शीतोष्ण कटिबन्धीय
(स) उष्ण कटिबन्धीय
(द) ध्रुवीय।
43. वृष्टि पोषित एवं वृष्टि छाया क्षेत्र की विशेषता है—
(अ) चक्रवाती वर्षा
(ब) संवहनीय वर्षा
(स) पर्वतीय वर्षा
(द) तापीय वर्षा।
44. वायुमण्डल के निम्नांकित में से कौन-से भाग में 'मुक्ताभमेघ' पाये जाते हैं?
(अ) क्षोभमण्डल (ब) समताप मण्डल (स) आयनमण्डल (द) बहिर्मण्डल।
45. तड़ित झंझा सम्बन्धित होते हैं—
(अ) कपासी बादलों से
(ब) कपासी-वर्षी बादलों से
(स) पक्षाभ बादलों से
(द) स्तरीय बादलों से।
46. भूकम्प की तीव्रता मापन यन्त्र है—
(अ) सिसमोग्राफ (ब) मौसममापक (स) हाइड्रोमीटर (द) बैरोमीटर।
47. प्राय: उष्णकटिबन्धीय चक्रवात चलते हैं—
(अ) पूर्व से पश्चिम को
(ब) उत्तर से दक्षिण को
(स) पश्चिम से पूर्व को
(द) दक्षिण से उत्तर को।
48. अपसौर की स्थिति होती है—
(अ) 3 जनवरी (ब) 21 जून (स) 4 जुलाई (द) 22 दिसम्बर।
49. आम्र वर्षा होती है—
(अ) असम और बंगाल में
(ब) दक्षिण भारत में
(स) उत्तरी-पश्चिमी भारत में
(द) उत्तरी भारत में।
50. शीतोष्ण कटिबन्धीय चक्रवात किन अक्षांशों के बीच मिलते हैं?
(अ) 0°-10° (ब) 10°-30° (स) 30°-60° (द) 60°-85°.
51. भारत में किस प्रकार की वर्षा से सर्वाधिक वर्षा प्राप्त होती है?
(अ) संवाहन
(ब) चक्रवातीय
(स) पर्वतीय
(द) इनमें से कोई नहीं।
52. 'महाद्वीपीय प्रवाह सिद्धान्त' किसने दिया?
(अ) वेगनर (ब) लोथियन ग्रीन (स) डेली (द) जौली।
53. निम्नलिखित ज्वालामुखी उद्गार प्रकारों में से कौन प्राय: विस्फोटक नहीं होता?
(अ) पीलियन (ब) हवाइयन (स) स्ट्रम्बोलियन (द) वल्केनियन।
54. भूकम्प उन्मुख देश है—
(अ) जापान (ब) इराक (स) भारत (द) मलेशिया।
55. निम्नलिखित में से कौन गर्म महासागरीय धारा है?
(अ) लेब्रोडोर धारा
(ब) कैनरीज धारा
(स) पश्चिमी ऑस्ट्रेलियन धारा
(द) उत्तरी अटलाण्टिक धारा।
56. नदमुख क्या होता है?
(अ) नदी का मुख जो गाद से अवरुद्ध होता है
(ब) किसी हिमनद की निमग्न घाटी
(स) किसी नदी की घाटी जो समुद्र में जाती है
(द) किसी नदी घाटी का तटीय भाग जो समुद्र में एक बालू रोधिका के पीछे बन्द होता है।

http://www.dbrauonline.com
http://www.dbrauonline.com

57. निम्नलिखित में से समुद्री जल में बहुतायत से क्या पाया जाता है?
(अ) सोडियम सल्फेट (ब) सोडियम क्लोराइड
(स) कैल्शियम क्लोराइड (द) पोटेशियम क्लोराइड।

58. निम्नलिखित में से कौन एक ठण्डी जलधारा है?
(अ) प्रति भूमध्य रेखीय (ब) गल्फ स्ट्रीम
(स) ब्राजीलियन (द) कनारी।

59. महासागरीय जल में लवणता घटती है जब—
(अ) वाष्पीकरण अधिक होता है (ब) हवा का वेग अधिक होता है
(स) भारी वर्षा होती है (द) आर्द्रता अधिक होती है।

60. एटॉल सर्वाधिक संख्या में स्थित हैं—
(अ) हिन्द महासागर में (ब) अन्ध महासागर में
(स) आर्कटिक महासागर में (द) प्रशान्त महासागर में।

61. महासागरों की औसत लवणता है—
(अ) 35% (ब) 40% (स) 45% (द) 46%.

62. निम्नलिखित निक्षेपों में से कौन महासागरों के सबसे गहरे भागों में पाया जाता है?
(अ) ग्लोबीजेराइना ऊज (ब) चूना प्रधान ऊज
(स) लाल मृत्तिका (द) टेरोपॉड ऊज।

63. अधिकतम लवणता मिलती है—
(अ) काले सागर में (ब) लाल सागर में
(स) मृत सागर में (द) कैस्पियन सागर में।

64. विश्व की सबसे बड़ी अवरोधक प्रवाल भित्ति कहाँ पायी जाती है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर (ब) ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी तट पर
(स) अफ्रीका के पूर्वी तट पर (द) उत्तर अमेरिका के पश्चिमी तट पर।

65. निम्नलिखित में से कौन ठण्डी धारा नहीं है?
(अ) लेब्राडोर धारा (ब) केनारी
(स) गल्फ स्ट्रीम (द) बेन्जुएला धारा।

66. संसार के सर्वाधिक व्यस्त समुद्री मार्ग पाये जाते हैं—
(अ) भूमध्य सागर में (ब) लाल सागर में
(स) उत्तरी अटलांटिक महासागर में (द) उत्तरी प्रशान्त महासागर में।

67. कुरोशिवो धारा बहती है—
(अ) जापान के उत्तरी समुद्री किनारे पर (ब) जापान के दक्षिणी समुद्री किनारे पर
(स) चिली के दक्षिणी समुद्री किनारे पर (द) चिली के उत्तरी समुद्री किनारे पर।

68. हिन्द महासागर की गर्म धारा कौन-सी है?
(अ) एगुलस धारा (ब) केनारी धारा
(स) बेन्जुएला धारा (द) ओएशिओ धारा।

69. ज्वारभाटा की उत्पत्ति के 'स्थैतिक तरंग सिद्धान्त' का प्रतिपादन किसने किया?
(अ) डब्लू. व्हेवेल (ब) टी. गैरिसन (स) आर.ए. हेरिस (द) ए. स्थ्रेलर।

70. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?
(अ) डोलाइन-भूमिगत जल (ब) यारडंग-हिमानी
(स) तटबन्ध-नदी (द) ज्यूगेन-पवन।

71. जाड़े की वर्षा की विशेषता है—
(अ) भूमध्यरेखीय प्रदेश की (ब) मानसून प्रदेश की
(स) मरुस्थलीय प्रदेश की (द) भूमध्यसागरीय प्रदेश की।

72. वायुमण्डल में कार्बन मोनोऑक्साइड का मुख्य स्रोत है—
(अ) स्वचालित वाहन
(ब) तेल शोधन शालायें
(स) रेफ्रिजरेटर
(द) ताप शक्ति संयन्त्र।
73. निम्नलिखित में से कौन-सा जैव भू-रसायनिक चक्र नहीं है?
(अ) कार्बन चक्र (ब) नाइट्रोजन चक्र (स) अपरदन चक्र (द) ऑक्सीजन चक्र।
74. निम्नलिखित में से कौन प्राकृतिक आपदा है?
(अ) भूकम्प (ब) ज्वालामुखी (स) सूखा (द) उपर्युक्त सभी।
75. एक पारिस्थितिकी तन्त्र में सन्निहित है—
(अ) सभी पेड़-पौधे
(ब) सभी जीव-जन्तु
(स) सभी कीड़े-मकोड़े
(द) उपर्युक्त सभी।
76. वे जानवर जो शाकाहारी जानवरों पर पूर्णरूप से निर्भर होते हैं, कहलाते हैं—
(अ) मांसाहारी
(ब) सर्वाहारी
(स) शाकभक्षी
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
77. पारिस्थितिकी विज्ञान है—
(अ) जीव-जन्तुओं का
(ब) मानव समूहों का
(स) समुदाय का.
(द) पादप-जन्तुओं से पर्यावरण के सम्बन्ध का।
78. पर्यावरण में निम्नलिखित तत्व सम्मिलित हैं—
(अ) वायु (ब) जल (स) तापमान (द) उपर्युक्त सभी।
79. ध्वनि प्रदूषण का तात्पर्य है—
(अ) उच्च आवृत्ति की ध्वनि
(ब) तेज ध्वनि
(स) अवांछित ध्वनि
(द) पर्यावरण संरक्षण।
80. पारिस्थितिकी विज्ञान निम्न विषयों से सम्बन्धित है—
(अ) भूगोल (ब) प्राणीशास्त्र (स) वनस्पतिशास्त्र (द) उपर्युक्त सभी।
81. वायुमण्डल में किस गैस का सर्वाधिक प्रतिशत है?
(अ) कार्बन डाई-ऑक्साइड
(ब) ऑक्सीजन
(स) नाइट्रोजन
(द) हीलियम।
82. किस महासागर को 'स्मॉग सिटी' कहा जाता है?
(अ) इन्दौर (ब) दिल्ली (स) भोपाल (द) कोलकाता।
83. भू-स्खलन होता है—
(अ) मैदानों में (ब) पहाड़ियों में (स) पठारों में (द) तटीय क्षेत्रों में।
84. पादप शैवाल मिलता है—
(अ) महासागरों में (ब) मैदानों में (स) पहाड़ियों में (द) वनों में।
85. दो पारिस्थितिकी तन्त्रों के मध्य के संक्रमण मण्डल को कहा जाता है—
(अ) बायोम (ब) बायोटोप (स) ईकोटोन (द) सेरे।
86. निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम 'पारिस्थितिक तन्त्र' शब्द का प्रयोग किया?
(अ) हेकल (ब) हिप्पोक्रेटस (स) आर. लिण्डेमन (द) ए.जी. टान्सले।
87. निम्नलिखित में से कौन 'भूविवर्तनिक आपदा' का एक उदाहरण है?
(अ) ज्वालामुखी उद्‌गार
(ब) बाढ़
(स) सुनामी
(द) बादल फटना।
88. नील नदी का डेल्टा किस प्रकार का है?
(अ) चापाकार डेल्टा
(ब) पंजाकार डेल्टा
(स) रूढ़ित डेल्टा
(द) अग्रवर्धी डेल्टा।

**89.** निम्नलिखित में से कौन एक रूपान्तरित चट्टान नहीं है?
(अ) संगमरमर (ब) स्लेट (स) क्वार्टजाइट (द) बलुआ पत्थर।
**90.** दो सामान्य भ्रंशों के मध्य उत्थित खण्ड (ब्लॉक) कहा जाता है—
(अ) ग्रेबन (ब) हॉर्स्ट (स) एकनताक्ष (द) अपनति।
**91.** निम्नांकित में से कौन अवसादी शैलों का उदाहरण नहीं है?
(अ) स्लेट (ब) चूना पत्थर (स) कोयला (द) गैब्रो।
**92.** निम्नलिखित में से कौन-सा बादल अत्यधिक तीव्र वर्षा के लिए उत्तरदायी है?
(अ) कपासी (ब) कपासी-वर्षा (स) वर्षा-स्तरी (द) पक्षाभ-स्तरी।
**93.** 'चीखती साठा' किसका बोधक है?
(अ) उच्च ज्वार (ब) उच्च वेगीय पवन
(स) मूसलाधार वर्षा (द) तड़ित झंझावात।
**94.** बॉलसन सम्बन्धित है—
(अ) हिमानीकृत स्थलाकृति से (ब) कार्स्ट स्थलाकृति से
(स) शुष्क स्थलाकृति से (द) बहते हुए जल से उत्पन्न स्थलाकृति से।
**95.** विश्व में यूरेनियम का वृहत्तम भण्डार पाया जाता है—
(अ) ऑस्ट्रेलिया में (ब) ब्राजील में
(स) कनाडा में (द) दक्षिण अफ्रीका में।
**96.** भूकम्प में सर्वाधिक हानि का कारण होती है—
(अ) S-लहरें (ब) P-लहरें
(स) L-लहरें (द) सभी समान रूप से हानिकारक हैं।
**97.** विश्व में वनस्पति में बदलाव आता है—
(अ) अक्षांशों के अनुसार (ब) देशान्तरों के अनुसार
(स) मिट्टी की विशेषताओं के अनुसार (द) जलवायु के अनुसार।
**98.** पृथ्वी के भूमध्य रेखीय व्यास की लम्बाई क्या है?
(अ) 12,737 km (ब) 12,797 km (स) 12,717 km (द) 12,756 km.
**99.** 'लोयस' शब्द का सम्बन्ध किससे है?
(अ) नदी जनित सामग्री (ब) वायु द्वारा जमा सामग्री
(स) हिमानी द्वारा जमा सामग्री (द) लहरों द्वारा जमा सामग्री।
**100.** बजाड़ा किस प्रकार के जलवायु प्रदेश में मिलते हैं?
(अ) उष्णार्द्र (ब) शुष्क
(स) समुद्र तटीय क्षेत्र (द) बर्फ से ढके क्षेत्र।

http://www.dbrauonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Your old paper & get 10/-
पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

http://www.dbrauonline.com
http://www.dbrauonline.com